

# ऋषभ पंत की टेस्ट टीम में धमाकेदार वापसी तय

- द. अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्टों में एन. जगदीशन की जगह लेंगे पंत
- पंत ने चोट से उबरकर भारत ए के लिए शानदार 90 रन ठोके
- चयन बैठक में उनका नाम लगभग तय, वेस्टइंडीज सीरीज से थे बाहर
- भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट 14 नवंबर से कोलकाता में शुरू होगा

**मुंबई, 5 नवंबर (वार्ता) विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी भारतीय टेस्ट टीम में तय मानी जा रही है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर से कोलकाता में शुरू हो रही दो मैचों की सीरीज के लिए चयनित होने वाले हैं।**

ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि चयन बैठक बुधवार को हुई और पंत का एन. जगदीशन की जगह चयन होना लगभग तय है। पंत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज मिस की थी, क्योंकि वह इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट के दौरान लगी पैर की चोट से उबर रहे थे। उन्होंने पिछले हफ्ते बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच में भारत ए को जीत दिलाकर अपनी फिटनेस साबित की। पंत ने दूसरी पारी में 90 रन बनाए और भारत ए ने 275 रन का लक्ष्य हासिल किया। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर इस समय ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज खेल रहे हैं। यह पांच मैचों की सीरीज 8 नवंबर को खत्म होगी, जिसके बाद वे टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।



> भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट खेले जाएंगे। पहला 14 नवंबर से कोलकाता में और दूसरा 22 नवंबर से गुवाहाटी में, जहां पहली बार टेस्ट क्रिकेट का आयोजन होगा।



अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल रैंकिंग

# रोहित वन-डे में नंबर 1

**नई दिल्ली 5 नवम्बर.** आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा पुरुष रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है, हालांकि कुछ प्रमुख बल्लेबाजों को स्थान गंवाने पड़े हैं।

**टी20 में अभिषेक-वरुण का दबदबा कायम**

**गिल और बाबर आजम एक-एक स्थान खिसके**

**गेंदबाजों में कुलदीप यादव आए छठवें स्थान पर**

भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में लंबे समय से नंबर 1 पर अपनी बादशाहत कायम रखे हुए हैं। बल्लेबाजों की टॉप-10 सूची में उनके अलावा तिलक वर्मा नंबर 3 और कप्तान सूर्यकुमार यादव नंबर 8 पर बने हुए हैं। गेंदबाजों में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर बरकरार हैं, हालांकि शीर्ष 10 में कोई अन्य भारतीय गेंदबाज नहीं है। ऑलराउंडर्स में पाकिस्तान के सईम अय्यूब शीर्ष स्थान पर हैं। वनडे क्रिकेट में रोहित शर्मा (781 रेटिंग पॉइंट) लगातार दूसरी बार नंबर 1 बल्लेबाज बने हुए हैं। हालांकि, भारतीय कप्तान शुभमन गिल एक स्थान फिसलकर नंबर 4 पर आ गए हैं, और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भी एक स्थान लुढ़ककर नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल दो पायदान चढ़कर तीसरे नंबर पर आए हैं, जबकि रचिन रविंद्र 4 स्थानों की छलांग लगाकर 14वें नंबर पर काबिज हुए हैं। विराट कोहली नंबर 6 और उपकप्तान श्रेयस अय्यर नंबर 9 पर बरकरार हैं।

वनडे गेंदबाजों की लिस्ट में अफगानिस्तान के राशिद खान शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव एक पायदान के सुधार के साथ छठे स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर दो स्थान के सुधार के साथ तीसरे पर हैं, जबकि मोहम्मद शमी एक स्थान लुढ़ककर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं।वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई शीर्ष पर हैं, जबकि भारत के अक्षर पटेल नंबर 8 पर बने हुए हैं।

**टीम रैंकिंग में भारत नंबर-1 पर बरकरार**

टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 इंटरनेशनल दोनों प्रारूपों में नंबर 1 के स्थान पर बना हुआ है। टेस्ट क्रिकेट में इस सप्ताह कोई खास बदलाव नहीं हुआ है।

# गॉफ की दमदार वापसी, पाओलिनी बाहर

## कोको गॉफ ने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराया

**रियाद 5 नवम्बर.** मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ ने मंगलवार को डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला मैच दर्ज करते हुए इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।



स्टीफी ग्राफ ग्रुप के अपने दूसरे मुकाबले में गॉफ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। रविवार को जेसिका पेगुला के खिलाफ शुरुआती हार में उन्होंने जहाँ 17 डबल फॉल्ट किए थे, वहीं इस मैच में उन्होंने अपनी गलतियों को सिर्फ तीन तक सीमित रखा।

अमेरिकी खिलाड़ी ने पहले सेट में 3-0 की शुरुआती बढ़त बनाने में सिर्फ 10 मिनट का समय लिया। पाओलिनी ने वापसी करते हुए एक ब्रेक लिया, लेकिन गॉफ ने सटीकता से क्रॉस-कोर्ट शॉट्स लगाकर और पाओलिनी को लगातार बैकहैंड पर दौड़ाकर सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।

> **कीज ने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया**
>
> मेडिसन कीज ने वायरल बीमारी के चलते राइबाकिना के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है। उनके स्थान पर दूसरी वैकल्पिक खिलाड़ी एकातेरिना को ड्रॉ में शामिल किया गया है। कीज इस सप्ताह स्वियातेक और अमांडा से राउंड-रॉबिन मैचों में हारकर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी थीं।



# वीनस की शानदार वापसी

**वॉशिंगटन, 5 नवंबर (वार्ता)** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स न्यूजीलैंड में होने वाले ऑकलैंड क्लासिक 2026 में वापसी करेंगी। उन्हें इस डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड के जरिए प्रवेश मिला है।

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विलियम्स 16 महीने के ब्रेक के बाद 2025 के बीच में प्रतियोगिता में लौटीं। उन्होंने वाशिंगटन में वर्ल्ड नंबर 35 पेटन स्टर्न्स पर यादगार जीत के साथ वापसी की, जहां वह टूर-लेवल पर महिलाओं के एकल में जीत हासिल करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। इसके बाद उन्हें एकल और युगल में यूएस ओपन के लिए वाइल्डकार्ड मिला। एकल में उन्होंने पहले राउंड में चेक गणराज्य की 11वीं सीड कैरोलिना मुचोवा को तीन सेट तक टक्कर दी और कनाडाई उभरती हुई स्टार लेयला फर्नांडीज के साथ युगल में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं थी। ऑकलैंड क्लासिक पांच से 11 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह18 जनवरी से शुरू होने वाले 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट होगा।

**पेटन स्टर्न्स को हराकर रचा उम्रदराज़ जीत का रिकॉर्ड**

**वीनस 16 महीने के ब्रेक के बाद 2025 में कोर्ट पर लौटीं**

**2026 टूर्नामेंट के लिए मिला वाइल्ड कार्ड प्रवेश**

> ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट के डायरेक्टर निकोलस लैम्पेरिन ने कहा, वीनस का महिला टेनिस के विकास पर गहरा असर रहा है और उनके खेल के प्रति अटूट जुनून ने अगली पीढ़ी को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी खेल प्रेमियों को खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक को एक्शन में देखने का यह मौका नहीं छोड़ना चाहिए।

# मीरा बाई चानू अपना वर्ग बदलने को तैयार

## आईडब्ल्यूएफ ने 49 किग्रा वर्ग हटाया, अब 53 किग्रा में उतरेंगी भारत की स्टार लिफ्टर

**नयी दिल्ली, 5 नवंबर (वार्ता)** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित लॉस एंजेलिस 2028 के लिए ओलंपिक भार वर्गों के पुनर्गठन के बाद भारतीय स्टार मीराबाई चानू को एक वर्ग ऊपर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

टोक्यो 2020 में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली और पेरिस 2024 में इसी वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाली मीराबाई चानू अब लॉस एंजेलिस में इस वर्ग में भाग नहीं ले पाएंगी। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी। आईडब्ल्यूएफ ने लॉस एंजेलिस 2028 में 12 नए वर्गों की पुष्टि की है - पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह। पेरिस 2024 में प्रत्येक लिंग के लिए पांच वर्ग थे। पेरिस 2024 में, पुरुषों के लिए 61 किग्रा, 73 किग्रा, 89 किग्रा, 102 किग्रा और 102 किग्रा और महिलाओं के लिए 49 किग्रा, 59 किग्रा, 71 किग्रा, 81 किग्रा और 81 किग्रा थे। आईडब्ल्यूएफ ने अब एक साल से भी कम समय में दो बार भार वर्ग बदले हैं।



इस साल की शुरुआत में, आईडब्ल्यूएफ द्वारा ओलंपिक कार्यक्रम से 49 किग्रा वर्ग को हटाने के बाद, चानू 48 किग्रा वर्ग में आ गईं। 49 किग्रा वर्ग को तब से आईडब्ल्यूएफ के विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया जाएगा। मीराबाई चानू की सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां - जिनमें तीन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप पदक और तीन राष्ट्रमंडल खेल पदक शामिल हैं - 50 किग्रा से कम भार वर्ग में ही आई हैं।

**2028 ओलंपिक भारोत्तोलन भार वर्ग**

**पुरुष-** 65 किग्रा, 75 किग्रा, 85 किग्रा, 95 किग्रा, 110 किग्रा, 110 किग्रा

**महिला-** 53 किग्रा, 61 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, 86 किग्रा, 86 किग्रा

> भारत के मुख्य राष्टीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि यह बदलाव मीराबाई के पक्ष में काम कर सकता है। शर्मा ने कहा, यह (49 किग्रा हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि 48 किग्रा तक अपना वजन कम करना एक कठिन प्रक्रिया थी।

## पुखराज सिंह ने मजबूत बढ़त हासिल की

**जमशेदपुर 5 नवम्बर.** पुखराज सिंह गिल ने बेलडीह गोल्फ कोर्स में अर्जुन मुंडा द्वारा आयोजित आईजीपीएल आमंत्रण जमशेदपुर के पहले दिन नौ-अंडर 63 का शानदार और बोगी-फ्री कार्ड खेलकर मजबूत बढ़त हासिल कर ली है।करीबी मुकाबलों में जीत से चूकते रहे पुखराज ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों पर चार शॉट की बड़ी बढ़त बनाई है। हरेंद्र गुप्ता, सुधीर शर्मा और सचिन बैसोया 67 का स्कोर करके संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। यशस चंद्र शुरुआती बोगी से उबरते हुए चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ एकल पांचवें स्थान पर हैं। पुखराज का 63 इस सीजन का चौथा नौ-अंडर का राउंड है.

### एक नजर में



## रिचा घोष को मिलेगा स्वर्ण जड़ा सम्मान

**कोलकाता.** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को महिला विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिये यहां शनिवार को ईडन गार्डंस पर एक भव्य सम्मान समारोह में खास तौर से बनाये गए सोने की परत चढा बल्ला और गेंद प्रदान करेगा ।भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की शिल्पकारों में से एक रिचा ने आठ पारियों में 133 .52 की स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाये ।वह टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाली पांच बल्लेबाजों में से थी ।भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के हस्ताक्षर वाला बल्ला उन्हें भारतीय क्रिकेट में अतुलनीय योगदान के लिये प्रदान किया जायेगा ।कैब अध्यक्ष गांगुली ने कहा कि अपने बेखौफ खेल से बंगाल और भारत का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी को सम्मानित करना संघ के लिये गर्व की बात है ।



## 53 की उम्र में फिर चमके एडम्स

**अरपोरा (गोवा)।** पूर्व विश्व नंबर 4 माइकल एडम्स ने शतरंज विश्व कप में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। 53 वर्षीय अंग्रेज खिलाड़ी ने अहमद अब्दुल्ला अलरेहैली को हराकर अपनी क्लास साबित की। एडम्स, जिनकी वर्तमान विश्व रैंकिंग 90 है, लगातार समय को पीछे धकेल रहे हैं। 2023 में विश्व सीनियर (ओवर 50) चैंपियनशिप जीतने के अलावा, उन्होंने दो साल पहले लंदन शतरंज क्लासिक भी जीता था। उनका सबसे उल्लेखनीय प्रदर्शन 2004 में आया था, जब वह विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुँचे थे, लेकिन टाई-ब्रेकर में रुस्तम कासिमझानोव से हार गए थे। एडम्स, जो टूर्नामेंट में एक खिलाड़ी के रूप में हैं जबकि उनके समकालीन विश्वनाथन आनंद फीडे के उपाध्यक्ष के रूप में मौजूद हैं, ने संकेत दिया कि यह लगभग निश्चित रूप से उनका आखिरी विश्व कप हो सकता है। उन्होंने बताया, ऽमैंने सोचा कि क्या मैं एक बार और कोशिश करना चाहता हूँ। महामारी के दौरान मैंने फैसला किया था कि मैं कुछ और साल खेलने की कोशिश करूंगा, और मैं यह निर्णय लेकर खुश हूँ।

14 दिसंबर को निर्धारित हाफ मैराथन के लिए रेस डे टी-शर्ट का अनावरण

# भारतीय नौसेना आयोजित करेगी हाफ मैराथन

**चेन्नई, 5 नवंबर.** भारतीय नौसेना इस साल 14 दिसंबर को चेन्नई में पहली बार हाफ मैराथन आयोजित करने जा रही हैं, जिसके लिए बुधवार को यहां रेस डे टी-शर्ट का अनावरण किया गया।

नौसेना मुंबई और विशाखापत्तनम जैसे शहरों में इसी तरह के मैराथन की शानदार सफलता के बाद पहली बार चेन्नई में इसका आयोजन करने जा रही है। इसमें 8,000 से अधिक धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। नौसेना चेन्नई हाफ मैराथन 2025 में तीन दौड़ श्रेणियां शामिल हैं, जिनमें 21.1 किलोमीटर की आईएनएस अड्यार हाफ मैराथन दौड़, 10 किलोमीटर की आईएनएस परुंडु दौड़ और पांच किलोमीटर की आईएनएस पल्लव दौड़। ये सभी चेन्नई में नेपियर ब्रिज के पास से शुरू होकर आईएनएस अड्यार बीच पर समाप्त होंगी। मैराथन में विभिन्न श्रेणियों के धावकों के लिए 10,00,000 रुपये का पुरस्कार पूल है।



> चेन्नई हाफ मैराथन का संचालन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाता है, जिसमें कावेरी अस्पताल चिकित्सा सहयोगी है। भारतीय नौसेना के प्रभारी नौसेना अधिकारी (तमिलनाडु और पुदुचेरी नौसेना क्षेत्र), कमोडोर सुव्रत मैगन ने यहां मीडिया के सामने हाफ मैराथन के लिए आधिकारिक रेस डे टी-शर्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख टी. एन. सुरेश, कावेरी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक और मुख्य रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इयप्पन पोन्नुस्वामी और रेस मैनेजमेंट पार्टनर श्री नागराज अडिगा की उपस्थिति थे।

# सेमीफाइनल टिकट पर आज तिहरी जंग

## मुंबई-केरला भिड़ंत से तय होगा ग्रुप-डी का भाग्य

**बंबोलिम 5 नवम्बर.** एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के ग्रुप-डी का अंतिम चरण रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। राजस्थान यूनाइटेड को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चमत्कार करना होगा।

**राजस्थान यूनाइटेड को स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली पर चार गोल से जीत जरूरी**

**साथ ही उम्मीद कि केरला ब्लास्टर्स मुंबई से 0-1 से हारे**

टीम को न केवल स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली पर कम से कम चार गोल से जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि यह भी उम्मीद रखनी होगी कि केरला ब्लास्टर्स मुंबई सिटी एफसी से 0-1 के अंतर से हार जाए। तभी आई-लीग की यह टीम अंतिम चार में प्रवेश कर सकेगी। राजस्थान यूनाइटेड ने टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में मुंबई सिटी को 1-0 से हराकर सबको चौंका दिया था। कोच विक्रांत शर्मा की वापसी के बाद टीम ने शानदार तालमेल और जोश दिखाया है। टीम के कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन से गोल की उम्मीदें रहेंगी, जबकि पांगंबम नाओबा मीतेई का आक्रामक खेल दिल्ली की रक्षापंक्ति के लिए चुनौती बनेगा।

> दूसरी ओर, ग्रुप की शीर्ष टीम केरला ब्लास्टर्स का सामना आज फातोर्दा में मुंबई सिटी एफसी से होगा। ब्लास्टर्स को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सिर्फ हार से बचना होगा, जबकि मुंबई को आगे बढ़ने के लिए दो गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

**जन्मदिन** — किंग कोहली के 37 साल पूरे, क्रिकेट जगत ने दीं शुभकामनाएं

# 'चीकू' के जन्मदिन पर देश-विदेश से उमड़ा शुभकामनाओं का सैलाब



**नई दिल्ली 5 नवम्बर.** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज और आधुनिक दौर के महान खिलाड़ियों में शामिल विराट कोहली उर्फ चीकू बुधवार को 37 वर्ष के हो गए। इस अवसर पर देश-विदेश से उनके प्रशंसकों, साथी खिलाड़ियों और पूर्व क्रिकेटरों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी खास अंदाज में बधाई दी।



> लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव ने संदेश में लिखा, जन्मदिन मुबारक विराट भाई, हमेशा ऐसे ही चमकते रहिए और प्रेरणा देते रहिए।



> वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, जन्मदिन मुबारक विराट कोहली - गेंदबाजों के बुरे सपनों का स्थायी पता और प्रशंसकों के दिलों का ठिकाना।



> युजवेंद्र चहल ने लिखा, वो इंसान जिनका जज़्बा और हौसला हर चुनौती को स्वीकार करता है।आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहिए।



> युवराज सिंह ने लिखा, एक बार राजा, हमेशा राजा। जन्मदिन मुबारक विराट, आने वाला साल शानदार रहे, बहुत सारा प्यार।



> तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने लिखा, जन्मदिन मुबारक पाजी, भगवान आपका भला करे।

> रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट की उपलब्धियों को साझा करते हुए लिखा, अंतरराष्ट्रीय अंडर-19 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टेस्ट चैम्पियनशिप, टी-20 विश्व कप और भारतीय टी-20 लीग खिताब — विराट की चमकदार यात्रा। साल 2008 में एक युवा चेहरे के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाले विराट कोहली आज विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े प्रतीकों में शामिल हैं। उनकी आक्रामकता, निरंतरता और जीत की भूख ने उन्हें न सिर्फ भारतीय क्रिकेट का चेहरा बनाया, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी किंग कोहली की पहचान दिलाई।